संक्षिप्त

कैलाश चौधरी ने की रात्रि चौपाल

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने रात्रि को रूपवास के ओडेलगढ़ी गांव में रात्रि चौपाल कर किसानों से संवाद किया। जिसकी मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री भानूप्रताप राजावत एवं किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह पथैना, प्रदेष महामंत्री ओपी यादव, कार्यालय मंत्री सत्येन्द्र त्यागी, जिला उपाध्यक्ष बृजेश अठावाल रहे। रात्रि चौपाल की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव सरपंच ने जबकि रात्रि चौपाल की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का संचालन जिला संयोजक आईटी कृष्णा जाट ने किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने रात्रि चौपाल में किसानों से संवाद कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी दी और आगे कहा कि राज्य सरकार किसानों के गेहूं का एक-एक दाना खरीदने के लिए संकल्पित है। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल, पूर्व जिला किसान मोर्चा जिला महामंत्री अनुराग तमरौली, दौलत फौजदार, आकाश हथैनी, राकेश भातरा, सुनील चौधरी, खजान सिंह, चन्द्रमोहन शर्मा, सत्तू गौड, पवन चौधरी, सुनील पाराशर, गौरव, रामकुमार परमार, श्यामवीर, संजय गुर्जर, संतोष कुशवाह, नितिन कुशवाह, तुलसी कश्यप, कुंवर सिंह ततामड, नीरज चौधरी, राम जाटौली सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का भव्य स्वागत

टोंक। निवाई उपखण्ड के झिलाई क्षैत्र स्थित हरभांवता मोड़ पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का भव्य स्वागत किया गया, उपमुख्यमंत्री घाटा नैनवाडी स्थित श्री देवनारायण महायज्ञ में शामिल होने जा रही थीं। स्वागत हरभांवता के अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में किया गया, इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को साफा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। उनके आगमन पर जगह-जगह उनका अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लोगों से पेट्रोल और डीजल की बचत करने तथा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर से कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा तैयार रहने और उनके कामकाज समय पर पूरे करने, ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा।

दिशा की बैठक 22 मई को

दौसा (निसं.)। सांसद मुरारी लाल मीना की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम त्रैमासिक बैठक 22 मई को होगी।

मोहन सिंह अध्यक्ष नियुक्त

शाहपुरा। अखिल भारतीय क्षित्रय महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह सिंगोली ने राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर की सहमति से शाहपुरा निवासी एडवोकेट मोहन सिंह शेखावत को जयपुर जिला देहात अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। शेखावत के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर महासभा के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

टोकारावास पंचायत में पानी संकट से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

टोंक। टोकारावास पंचायत के ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया तथा प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने कलेक्टर टीना डाबी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और जल्द समाधान की मांग की।

ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर टीना डाबी ने जनसुनवाई के दौरान ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को टोकारावास पंचायत में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को भीषण गर्मी में परेशानी नहीं हो।

जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की भारी किल्लत है, जिससे उनका रोजमर्रा का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विशेषकर महिलाओं को पानी के लिए दूर-दराज के इलाकों में भटकना पड़ रहा है।

टोंक के टोकारावास पंचायत के ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया ।

ग्रामीणों ने कलेक्टर के त्वरित एक्शन और अधिकारियों को दिए गए सख्त निर्देशों के बाद उम्मीद जताई है कि लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का अब स्थाई समाधान हो सकेगा।

इसी क्रम में निवाई उपखंड की ग्राम पंचायत चैनपुरा में भी बिसलपुर पेयजल घर-घर योजना के बावजूद पिछले ग्रामीण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। गुरुवार सुबह

> ■ ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की भारी किल्लत है, जिससे उनका रोजमर्रा का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

महिलाओं ने खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कई दिनों तक पानी की सप्लाई बाधित रहती है। जब पानी आता भी है तो वह पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पाता। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर जलदाय विभाग को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलेक्टर को भी इस स्थिति से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो पाया है।

जलदाय विभाग के सहायक अभियंता रामसिंह ने इस संबंध में बताया कि विभाग द्वारा हर दिन निर्धारित मात्रा में पानी मुख्य लाइन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने गांव में पानी नहीं पहुंचने का मुख्य कारण बड़ी संख्या में अवैध कनेक्शन होना बताया।

सहायक अभियंता ने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध कनेक्शन हटाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर गांव में नियमित और सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

20 साल बाद बाजार में दिखी खिरनी

बयाना भरतपुर (निस)। गर्मी के मौसम में दुर्लभ और पौष्टिक मानी जाने वाली खिरनी फल ने गुरुवार को बयाना के बाजारों में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। लंबे समय बाद बाजार में खिरनी दिखाई देने पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और कुछ ही देर में पूरा माल बिक गया। खास बात यह रही कि कई लोगों ने वर्षों बाद इस फल का स्वाद चखा और पुरानी यादें ताजा हो गईं। रोजाना की तरह ढकेल पर मौसमी फल बेचने वाले विजेन्द्र कोली गुरुवार सुबह गाजोली क्षेत्र से खिरनी लेकर बयाना पहुंचे। उन्होंने जैसे ही अपनी ढकेल पर खिरनी सजाई और बाजार में निकले, लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। देखते ही देखते खरीददारों की लाइन लग गई और कुछ ही समय में पूरा फल बिक गया। विजेन्द्र कोली ने बताया कि वह खिरनी को 200 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेच रहे थे। उन्होंने कहा कि यह फल केवल गर्मियों के सीमित समय में ही मिलता है, इसलिए इसकी मांग काफी अधिक रहती है।

पावटा उपजिला चिकित्सालय में बीपीएचयू लैब का लोकार्पण

पावटा। क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को पावटा स्थित उप जिला चिकित्सालय में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब का विधिवत लोकार्पण किया गया।

इस अत्याधुनिक लैब के प्रारंभ होने से अब क्षेत्र के आमजन को 122 प्रकार की विभिन्न चिकित्सा जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध हो सकेंगी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य तथा न्याय विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने फीता काटकर एवं पट्टिका का अनावरण कर लैब का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए।

> ■ लैब के प्रारंभ होने से आमजन को 122 प्रकार की विभिन्न चिकित्सा जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध हो सकेंगी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-ढाणी तक सुदृढ एवं सुलभ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

राज्य सरकार का उद्देश्य है कि आमजन को बेहतर उपचार, जांच एवं दवाइयों की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हों, ताकि किसी भी व्यक्ति को आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित नहीं रहना पड़े। उन्होंने कहा कि बीपीएचयू लैब का शुभारंभ इसी सोच का परिणाम है, जिससे अब पावटा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राजकीय अस्पतालों में निःशुल्क जांच एवं दवा योजनाओं को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से लाखों परिवारों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार चिकित्सा संस्थानों में आधुनिक उपकरण, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, आधारभूत ढांचे के विस्तार एवं डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता केवल भवनों और मशीनों से नहीं, बल्कि चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की संवेदनशीलता और सेवा भावना से तय होती है। उन्होंने चिकित्सा कार्मिकों से मरीजों के साथ मानवीय व्यवहार रखते हुए समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि राजकीय अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को यह विश्वास होना चाहिए कि उसे बेहतर चिकित्सा सुविधा एवं सम्मानजनक व्यवहार मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने, टीकाकरण कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। बीपीएचयू लैब जैसी सुविधाएं गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक जांच एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

पावटा में नवीन न्यायालय भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

पावटा। जिले के न्याय क्षेत्र पावटा में नवीन न्यायालय भवन के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय संजीव प्रकाश शर्मा, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर नवीन न्यायालय भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में माननीय संरक्षक न्यायाधिपति, जिला कोटपूतली-बहरोड़ एवं न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर श्री आशुतोष कुमार की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति श्री संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि नवीन न्यायालय भवन का निर्माण न्यायिक आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि सरकार एवं न्याय विभाग के समन्वित प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया है तथा लगभग 3 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से

पावटा में नवीन न्यायालय भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया।

> ■ आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन से आमजन को मिलेगा सुलभ एवं समयबद्ध न्याय - कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा

बनने वाला यह भवन भविष्य में न्यायिक व्यवस्थाओं को और अधिक सशक्त एवं सुविधायुक्त बनाएगा।

उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों एवं सुविधाओं से युक्त यह भवन न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारू बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इसका प्रमुख उद्देश्य आमजन को समयबद्ध, सुलभ एवं निष्पक्ष न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं से समन्वय एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को पारदर्शी न्याय दिलाने का आ ान किया। साथ ही युवा महिला अधिवक्ताओं को न्यायिक क्षेत्र में आगे आने एवं अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करने का संदेश दिया। माननीय संरक्षक न्यायाधिपति श्री आशुतोष कुमार ने अपने संबोधन में अधिवक्ताओं एवं क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवीन भवन के निर्माण से बार एवं बेंच के साथ-साथ आम नागरिकों को भी न्यायिक सेवाओं में अधिक सुविधा एवं सुगमता प्राप्त होगी।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश रवि वर्मा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस नवीन भवन के निर्माण से तालुका स्तर की न्याय व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा न्यायिक कार्यों के संचालन में और अधिक दक्षता आएगी। पावटा सेशन न्यायालय न्यायाधीश पूजा धानिया ने धन्यवाद उद्बोधन देकर न्याय व्यवस्था को बेहतर और सुलभ बनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में न्यायपालिका, प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर रजिस्ट्रार कम प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजस्थान उच्च न्यायालय श्री अजय सिंह, जिला एवं सेशन न्यायाधीश जिला कोटपूतली-बहरोड़ श्री रवि शर्मा, डिम्पल जंडेल अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम संख्या-1 बहरोड़, राजेश कुमार अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम संख्या-2 कोटपुतली, डॉ. अंजुम ख़ान अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम संख्या-3 कोटपुतली, डॉ. सुरेश कुमार अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम संख्या-4, डॉ. अजय विश्नोई एससीजेएम क्रम संख्या 2 कोटपुतली, न्यायाधीश पावटा सेशन न्यायालय पूजा धानिया, जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, उपखंड अधिकारी पावटा साधना शर्मा, तहसीलदार पावटा लोकेंद्र मीणा सहित बार संघ पावटा के अध्यक्ष रामनिवास यादव, उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, सचिव सुरेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव तथा न्यायालय एवं प्रशासनिक विभागों के अधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

सार-समाचार

बीएसएफ जवान विकास यादव को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई

पावटा। देश सेवा के दौरान बीमारी की चपेट में आए बीएसएफ जवान विकास यादव का मंगलवार शाम निधन हो गया। बुधवार को उनके पैतृक गांव ठीकरिया में पूरे राजकीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी । जवान के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई और अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जानकारी के अनुसार विकास यादव पुत्र मूलचंद यादव वर्ष 2023 में बीएसएफ में भर्ती हुए थे। हाल ही में सम्पन्न हुए पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान उनकी ड्यूटी लगी हुई थी। इसी दौरान वह माइंड मलेरिया बीमारी से ग्रसित हो गए। तबीयत बिगड़ने पर 13 अप्रैल को कोलकाता के अपोलो अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां कुछ दिनों बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया। करीब एक महीने तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद मंगलवार शाम उनका निधन हो गया। बताया जा रहा है कि विकास यादव का विवाह नवंबर 2025 में पाथरेड़ी निवासी टीना यादव के साथ हुआ था। टीना यादव एमएससी कर चुकी हैं और शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। शादी के कुछ ही महीनों बाद जवान की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक जवान चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। बड़े भाई पवन यादव डॉक्टर हैं, जबकि उनसे छोटे मुकेश यादव निजी कंपनी में कार्यरत हैं। सबसे छोटे भाई रोहित यादव राजस्थान पुलिस में सेवाएं दे रहे हैं। परिवार में एक साथ सेना और पुलिस सेवा से जुड़े सदस्यों के होने के बावजूद विकास यादव की असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। अंतिम संस्कार के दौरान बीएसएफ जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने साथी को अंतिम सलामी दी। ग्रामीणों ने विकास यादव को देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना का प्रतीक बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

मनरेगाकर्मियों को विधिक जागरूकता की जानकारी दी

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नगरपरिषद क्षेत्र में मनरेगाकर्मियों के मध्य नालसा योजना 2025, मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों को निःशुल्क विधिक सेवा द्वारा शीध्र-न्याय एवं शीध्र मुआवजा योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया। इस शिविर की अध्यक्षता नगरपरिषद मनरेगा प्रभारी पंकज शर्मा द्वारा की गई। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि वन्य क्षेत्रों में, या पहाड़ी क्षेत्र में हिंसक जीवों (शेर, बघेरा चीता,हाथी) के संघर्ष से आंशिक दुर्घटना में अपाहिज होने पर 2.50 लाख रूपये पीड़ित को प्रतिकर राशि का मुआवजा नालसा योजना 2025 के तहत दिया जाता है।अगर वन्य जीव के साथ संघर्ष की स्थिति मे मृतक के आश्रित को 10 लाख रूपये मुआवजा में दिये जाते है। वन्य जीवों से संघर्ष की सूचना सर्वप्रथम वन सुरक्षा प्रहरी को दी जानी चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पैरा लीगल वॉलिन्टियर के माध्यम से तत्काल निकटतम पुलिस थाना पर (प्राथमिक रिपोर्ट) दर्ज कराई जानी आवश्यक है। मेडिकल रिपोर्ट एवं दुर्घटना पीड़ित के संघर्ष की फोटोग्राफी बनवाया जाना अनिवार्य है। वन सुरक्षा प्रहरी मौके पर उपस्थित होकर उसके द्वारा सत्यापित किया जाने पर ही दर्ज कराई जावेगी। नालसा जाग्रति योजना 2025 पीड़ित संवेदनशील वर्गों का संरक्षण के लिए तत्काल मुआवजा राशि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मानव-वन्यजीव संघर्ष के दावे का निस्तारण किया जाकर पीड़ित परिवार को कानूनी सहायता दिलाने का सम्पूर्ण कार्य पैनल एडवोकेट, पैरा लीगल वॉलिन्टियर के द्धारा तत्काल इस प्रकरणों की सूचना मिलते ही मौके पर उपस्थित होकर साक्ष्य के साथ पत्रावली को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेजी जायेगी। इसी क्रम में नालसा वीर परिवार सहायता योजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त पैनल एडवोकेट, पैरा लीगल वॉलिन्टियर हमारे देश की सुरक्षा प्रहरी के परिवारों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराती है।

पेट्रोल/डीजल की नही है किल्लत : कलेक्टर

टोंक। जिलें में पैट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति को लेकर जिला कलेक्टर टीना डाबी ने तेल कम्पनी के सेल्स ऑफिसर के साथ बैठक ली। बैठक में सेल्स ऑफिसर ने बताया कि जिलें में कम्पनियों द्वारा पैट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है किन्तु दर बढने की सम्भावनाओं एवं अफवाहों के कारण उपभोक्ता अधिक मात्रा में खरीद कर रहे है इसके कारण पिछले 2 दिनों में आपूर्ति वितरण व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हुई थी। बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा सेल्स ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन की स्टॉक रिपोर्ट जिला रसद अधिकारी को देना सुनिश्चित करें एवं आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिलें में पैट्रोल व डीजल की आपूर्ति सामान्य है इसलिए पैनिक होकर आवश्यकता से अधिक खरीद नही करें। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिलें में कुल 209 पैट्रोलपम्प कार्यरत है एवं औसतन बिक्री से लगभग दोगुना खपत हुई है जबकि पम्पों को पहले की आपूर्ति से अधिक मात्रा में पैट्रोल व डीजल दिया जा रहा है। इसलिए कम्पनियों द्वारा एक उपभोक्ता को अधिकतम 50 लीटर पैट्रोल एवं 200 लीटर डीजल की आपूर्ति केवल वाहनों में करने की व्यवस्था की हुई है।

दौसा शहर फल-फूल रहा अवैध शराब व्यवसाय

दौसा (निसं.)। आबकारी विभाग के आला अधिकारियों की अनदेखी के चलते दौसा शहर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में देर रात्रि तक शराब का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है, इस गौरखधंधे से जुडे शराब व्यवसाय ग्राहकों से निर्धारित दरों से अधिक राशि वसूली कर चांदी कूट रहे है। वही दूसरी ओर विभाग द्वारा आवंटित अधिकांश दूकानों पर अनुज्ञाधारियों के नाम तथा अंग्रेजी एवं देशी शराब की दर की सूची तक नही लगा रखी है। उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग के आला अधिकारियों की अनदेखी के चलते दौसा शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाको में देर रात्रि तक अवैध रुप से शराब बेचने का गौरखधंधा जबरदस्त चल रहा है। विभाग द्वारा आवंटित दूकाने भी देर रात्रि तक खुली रहती है तथा उपभोक्ताओं ने निर्धारित दरों से अधिक राशि वसूल कर चांदी कूट रहे है। इधर इस गौरखधंधे पर नियंत्रण के लिए जिला मुख्यालय सहित बांदीकुई में आबकारी थाना तक खोल रखे है, लेकिन पिछले एक साल से इन थाना में तैनात पुलिस अधिकारियों ने एक भी कार्यवाही नही की है, जिसके चलते शराब व्यवसाइयों के हौंसले काफी बुलंद है।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप देने के आदेश

दौसा (निसं.)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदीचंद गंगवाल ने गुरुवार को जिला परिषद में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान की सभी

> ■ जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें विभिन्न विभागों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

गतिविधियों की प्रभावी, सुव्यवस्थित और समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अभियान का शुभारंभ 25 मई से किया

टोंक जिला परिषद सीईओ बिरदीचंद गंगवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिये।

जाएगा। मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम 25 मई को गेटोलाव तालाब पर आयोजित होगा। इसी दिन सुबह शहर में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें विभिन्न विभागों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर जनआंदोलन के रूप में संचालित होना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करे। बैठक में जल संसाधन विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागों की प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि विभाग को किसानों के बीच सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों, जल संरक्षण उपायों और जल के समुचित उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। वहीं वन विभाग को पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के साथ अभियान से जुड़ने के लिए कहा गया। अभियान के दौरान श्रमदान, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, तालाबों एवं जल संरचनाओं के संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए।

डीग और भरतपुर के जिला कलेक्टरों ने देर रात लिया व्यवस्थाओं का जायजा

डीग भरतपुर (निस)। अधिक मास के अवसर पर आयोजित हो रही बृज 84 कोस परिक्रमा को श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार बुधवार देर रात जिला कलेक्टर डीग मयंक मनीष और जिला कलेक्टर भरतपुर कमर उल जमान चौधरी ने राजस्थान सीमा में आने वाले परिक्रमा मार्ग का संयुक्त रूप से सघन निरीक्षण किया।

दोनों जिला कलेक्टरों ने कौथरा गेट से निरीक्षण का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने सांवई स्थित आश्रय स्थल का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई, महिला शौचालयों की माकूल व्यवस्था और मार्ग दर्शन हेतु दिशा-सूचक लगाने के निर्देश दिए।

इस दौरान फायर स्टेशन डीग स्थित आश्रय स्थल, टांकोली पीडब्ल्यूडी विश्राम स्थल और गुहाना सहायता केंद्र का भी जायजा लिया।

रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी जय भगवान का सम्मान

खैरथल। एशियन बीच गेम्स में कबड्डी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी जय भगवान के स्वागत एवं सम्मान समारोह में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने अपने संसदीय क्षेत्र की विधानसभा मुंडावर के गांव जाट भगोला में शिरकत की। इस स्वागत कार्यक्रम में जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, विधायक ललित यादव, जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, क्रीड़ा भारती से रामानंद चौधरी, खिलाड़ी दीपक निवास हुड्डा, महेश गुप्ता, करण सिंह, ईश्वर, अनूप यादव, इंद्र यादव, अमित, सरपंच देवेंद्र, अंजली यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित अतिथियों ने जय भगवान को साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा उनकी उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है। जय भगवान की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा दी है। उन्होंने ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल करियर और सम्मान का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन जीने की दृष्टि भी प्रदान करते हैं। खेल हमें संघर्ष, अनुशासन और हार कर भी दोबारा खड़े होकर प्रयास करने की भावना सिखाते हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री की कविता की पंक्तियां -क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, कर्तव्य पथ पर जो भी मिला, यह भी सही, वो भी सही- का उल्लेख करते हुए कहा कि खेल शरीर में नई ऊर्जा भरते हैं और लक्ष्य प्राप्ति तक लगातार प्रयास करना सिखाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए फिट इंडिया के संदेश के माध्यम से देशभर में खेलों को बढावा मिला है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेल संस्कृति को बढावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से खेलों में सक्रिय भागीदारी करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आ ान किया। उन्होंने ने अलवर सांसद खेल उत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों से आयोजित इस खेल उत्सव ने क्षेत्र की हजारों प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया है। विभिन्न खेलों में युवाओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ, कुश्ती स्टेडियम सहित कई विकास कार्य किए गए हैं। खैरथल क्षेत्र के बंबोरा गांव स्थित सद्भावना केंद्र में कुश्ती खेल को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की गई है। वहीं भिवाड़ी में बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा द्वितीय चरण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे विभिन्न खेलों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने गांव स्तर पर ग्रामीण के सहयोग से कबड्डी स्टेडियम एवं ट्रैक विकसित करने की भी बात कही। उन्होंने शिक्षा एवं तकनीक के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व में 101 ई-लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा को पूरा करते हुए अब अलवर संसदीय क्षेत्र में 133 ई-लाइब्रेरी स्थापित की जा चुकी हैं।